महत्वपूर्ण सूचना

एकल उपयोग प्लास्टिक कानून - चरण 2

दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई लोग एकल-उपयोग और अन्य प्लास्टिक उत्पाद (अपशिष्ट परिहार) अधिनियम 2020 के चरण 2 के साथ पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए हैं, जो 1 मार्च, 2022 से प्रभावी हो रहा है। अब तैयारी करने का समय है ताकि हम अपने 'स्वच्छ और हरे-भरे' राज्य के लिए सर्वोत्तम पर्यावरणीय परिणाम सुनिश्चित कर सकें।

आपके लिए इसका क्या मतलब है।

1 मार्च, 2022 से, विस्तारित पॉलीस्टीरिन कप, कटोरे, प्लेट्स, क्लैमशेल कंटेनर और सभी ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पादों को बिक्री, आपूर्ति और वितरण प्रतिबंधित किया जाएगा। ऑक्सो-डिग्रेडेबल उत्पादों का दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में उत्पादन और निर्माण भी प्रतिबंधित किया गया है। कई निषिद्ध वस्तुओं को पुन: प्रयोज्य या कंपोस्टेबल विकल्पों के साथ प्रतिस्थापित किया जा सकता है और सभी को, जहाँ भी विकल्प मौजूद हों, पुन: प्रयोज्य, पुनर्चक्रण योग्य और कंपोस्टेबल उत्पादों का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

विस्तारित पॉलीस्टीरिन उत्पाद

विस्तारित पॉलीस्टीरिन उत्पादों के विकल्प उपलब्ध हैं। ऐसे वैकल्पिक उत्पादों के उदाहरणों के लिए अपने वितरक से बात करें जिन्हें आपका व्यवसाय उपयोग कर सकता है और ऐसा करके आपका व्यवसाय हमारे पर्यावरण में एक बड़ा बदलाव लाएगा, कूड़े को कम करेगा और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में 'replace the waste' अभियान में मदद करेगा।

ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पाद

ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पादों में प्लास्टिक को छोटे टुकड़ों या माइक्रोप्लास्टिक्स में तोड़ने में सक्षम बनाने वाले एडिटिव होते हैं, जो पूरी तरह से विघटित नहीं होते।

इस प्रकार का प्लास्टिक आमतौर पर इस तरह की वस्तुओं के लिए उपयोग किया जाता है:

- सुपरमार्केट में उपयोग होने वाले थैले
- प्लास्टिक शॉपिंग बैग
- पत्रिका लपेटने वाले कागज
- ड्राइ क्लीनिंग बैग
- रसोई के उत्पाद
    - कचरे के डिब्बे में लगाने वाले लाइनर
    - कचरे के बैग
    - पाइपिंग बैग
- पालतू पशुओं के उत्पाद
    - कुत्तों का मल रखने वाले बैग
    - कूड़े की ट्रे में लगाने वाले लाइनर
- पैकिंग
    - बबल रैप
    - चिपकाने वाले टेप
    - गद्देदार लिफाफे

1 मार्च, 2022 से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक उत्पादों को बेचने, उनकी आपूर्ति करने, वितरित करने या निर्माण करने को एक अपराध माना जाएगा।

यह जानने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं से बात करें कि आपके द्वारा स्टॉक किए जाने वाले किसी भी उत्पाद में ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक तो शामिल नहीं है, और विकल्पों के लिए ऑर्डर करें ताकि आप इसके लिए तैयार रहें।

आपको क्या करना होगा।

अब विस्तारित पॉलीस्टीरिन या ऑक्सो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक वस्तुओं के किसी भी नियोजित आदेश की समीक्षा करके 1 मार्च, 2022 के लिए तैयार होने का समय है। 1 मार्च 2022 के बाद पुराने स्टॉक का उपयोग नहीं किया जा सकेगा और उस तारीख से जुर्माना लगाया जा सकता है। विकल्पों का ऑर्डर करने के बारे में अपने आपूर्तिकर्ताओं से बात करें, और अपने कर्मचारियों को इस बारे में शिक्षित करें और अपने ग्राहकों को सूचित करना शुरू करें।

सहायता और सलाह।

हमें +61 8 8204 2051 पर कॉल करें

एकल-उपयोग प्लास्टिक पर सलाह के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई सरकार को ईमेल करें: sup@sa.gov.au

सुझाए गए विकल्पों, आपूर्तिकर्ताओं की सूचियों, सहायता सामग्री और अधिक जानकारी के लिए www.replacethewaste.sa.gov.au पर जाएं।

REPLACE THE WASTE

replacethewaste.sa.gov.au

Government of South Australia

100% पुनर्नवीनीकरण कागज पर मुद्रित, कृपया उपयोग के बाद रीसायकल करें।